**भारत सरकार**

**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3153**

**उत्तर देने की तारीख 15 मार्च, 2021**

**सोमवार, 24 फाल्गुन, 1942 (शक)**

## महिलाओं हेतु कौशल विकास पाठ्यक्रम

**3153 श्री बी.बी. पाटील:**

क्या **कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महिलाओं में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा शुरू किए गए कार्यक्रमों का ब्योरा क्या है;

(ख) विगत पाँच वर्षों में तेलंगाना में कौशल विकास पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद जिले-वार कुल कितनी महिला उद्यमियों ने लघु या सूक्ष्म उद्यम स्थापित किए हैं; और

(ग) क्या सरकार महिलाओं द्वारा शुरू किए गए उद्यमों के लिए विशेष इनक्यूबेशन हब्स शुरू करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है?

**उत्तर**

**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री राज कुमार सिंह)**

(क) और (ख) देश में महिला उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए, ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थानों (आरएसईटीआई) के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रम का कार्यान्वयन कर रहा है, जो प्रशिक्षार्थी को बैंक ऋण लेने और अपने स्वयं के सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने में सक्षम बनाता है। आरएसईटीआई एक बैंकनीत पहल है, जो भारत सरकार और राज्य सरकार के सक्रिय सहयोग से बैंकों द्वारा देश के प्रत्येक जिले में समर्पित बुनियादी ढांचे के साथ स्थापित, प्रायोजित, प्रबंधित और संचालित है। वर्तमान में, 27 राज्यों (गोवा को छोड़कर) और 6 संघ राज्य क्षेत्रों (दिल्ली, चंडीगढ़ तथा दमन और दीव को छोड़कर) में 585 आरएसईटीआई कार्यात्मक हैं। इस स्कीम के अंतर्गत महिलाओं सहित सभी श्रेणियों के लोग आते हैं। स्व-रोजगार या मजदूरी रोजगार प्राप्त करने का इच्छुक और संबंधित क्षेत्र का थोड़ा बहुत बुनियादी ज्ञान रखने वाला 18-45 वर्ष के आयु-वर्ग का कोई भी बेरोजगार युवा, जाति, पंथ, धर्म, लिंग और आर्थिक स्थिति का विचार किए बिना आरएसईटीआई के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है। आरएसईटीआई के तहत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए, निम्नलिखित 6 पाठ्यक्रम विशेष रूप से महिला लाभार्थियों के लिए तैयार किए गए हैं:-

| क्र.सं. | अर्हता का नाम | अवधि (घंटे) | अवधि (दिन) |
|---|---|---|---|
| 1 | पापड़, अचार और मसाला पाउडर | 80 | 10 |
| 2 | घरेलू आया | 104 | 13 |
| 3 | ब्यूटी पार्लर प्रबंधन | 240 | 30 |
| 4 | वस्त्र चित्रकला उद्यमी (कढ़ाई और कपड़ा चित्रकारी) | 240 | 30 |
| 5 | कॉस्टयूम ज्वेलरी उद्यमी | 104 | 13 |
| 6 | महिला दर्जी | 240 | 30 |

पिछले पांच वर्षों में और वर्तमान वर्ष यानी 2020-21 (31.01.2021 तक) तेलंगाना में कौशल विकास पाठ्यक्रम पूरा करने पर लघु या सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने वाली महिला उद्यमियों की कुल संख्या का विवरण (जिलेवार) **अनुबंध** में दिया गया है।

इसके अलावा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ड्यूश गेसल्सचैफ्टफियर इंटरनैशनल ज़ुसमेनरबैत (जीआईज़ेड) जर्मनी के सहयोग से प्रायोगिक परियोजना “महिला उद्यमियों का आर्थिक सशक्तिकरण और महिलाओं द्वारा स्टार्टअप्स” (डबल्यूईई) का कार्यान्वयन कर रहा है। यह परियोजना नए व्यवसाय शुरू करने और मौजूदा उद्यमों को बढ़ाने के लिए राजस्थान, तेलंगाना और उत्तर पूर्वी राज्यों की महिला सूक्ष्म उद्यमियों के पोषण और त्वरण कार्यक्रमों का मार्गदर्शन करती है।

(ग) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन दो स्वायत्त निकाय, (i) राष्ट्रीय उद्यमशीलता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निस्बड), नोएडा और (ii) भारतीय उद्यमशीलता संस्थान (आईआईई), गुवाहाटी के पास महिलाओं सहित, प्रशिक्षार्थियों को उनके द्वारा उद्यम स्थापित करने में पोषण सहायता प्रदान करने की पोषण सुविधा है। निस्बड, नोएडा में 5 ट्रेडों (i) फैशन डिजाइनिंग, (ii) असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, (iii) मोबाइल रिपेयरिंग, (iv) फूड प्रोसेसिंग और (v) इलेक्ट्रॉनिक्स एंड होम अप्लायन्सेज में व्यवसाय पोषण व्यवस्था है। इसी प्रकार आईआईई, गुवाहाटी ने निम्नलिखित 11 ट्रेडों (i) ब्यूटी एंड वेलनेस, (ii) एडवेंचर टूरिज्म, (iii) क्लाइम्बिंग रॉक वॉल, (iv) बी कीपिंग, (v) हैंडलूम, (vi) ब्लॉक प्रिंटिंग, (vii) जलकुंभी फाइबर, (viii) रत्न और आभूषण, (ix) लकड़ी का कार्य, (x) खाद्य प्रसंस्करण और (xi) डेयरी ऊष्मायन में पोषण केंद्र स्थापित किए हैं।

इसके अलावा, डॉयचे गेसल्सचैफ्टफियर इंटरनेशनेल ज़ुसमेनारबीट (जीआईज़ेड) जर्मनी के सहयोग से महिला उद्यमियों का आर्थिक सशक्तिकरण और महिलाओं द्वारा स्टार्टअप्स (डबल्यूईई) के तहत सात माह के पोषण कार्यक्रम के माध्यम से 315 इच्छुक महिला उद्यमियों की योजना को कारोबारी योजना में बदलने के लिए और 6 माह के त्वरण कार्यक्रम के माध्यम से मौजूदा कारोबारी 130 महिलाओं को अपने उद्यमों का उन्नयन करने का प्रावधान है। इस कार्यक्रम के तहत कुल 409 महिला उद्यमियों (तेलंगाना के 27 में 1 सहित समूह के तहत 141 और तेलंगाना के 88 में से 2 सहित समूह के तहत 268) को शामिल किया गया है।

**अनुबंध**

## 2015-16 से 2020-21 तक (31.01.2021 तक) तेलंगाना राज्य में प्रशिक्षित और नियोजित वर्ष-वार महिला उम्मीदवार

| क्र.सं. | जिला | आएसईटीआई का नाम | वित्त-वर्ष 2015-16 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल प्रशिक्षित | कुल नियोजित | प्रशिक्षित महिला | नियोजित महिला |
| 1 | आदिलाबाद | एसबीएच आदिलाबाद | 790 | 901 | 305 | 427 |
| 2 | करीमनगर | एसबीएच करीमनगर | 1044 | 908 | 564 | 540 |
| 3 | खम्मन | एसबीएच खम्मम | 785 | 606 | 420 | 351 |
| 4 | महबूबनगर | एसबीआई महबूबनगर | 776 | 522 | 303 | 349 |
| 5 | मेडक | एसबीआई मेडक | 780 | 342 | 440 | 228 |
| 6 | नलगोंडा | एसबीएच नलगोंडा | 796 | 493 | 434 | 281 |
| 7 | निजामाबाद | एसबीएच निजामाबाद | 805 | 533 | 414 | 300 |
| 8 | रंगारेड्डी | एसबीएच रंगा रेड्डी (चिलकुर) | 770 | 465 | 424 | 261 |
| 9 | वारंगल | एसबीएच वारंगल | 825 | 644 | 412 | 348 |
| 10 | मेडक | एबीआईआरडी सिद्दीपेट | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | रंगारेड्डी | एबीआरएसईटीआई मुचिन्तल | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **योग** | | **7371** | **5414** | **3716** | **3085** |

| क्र.सं. | जिला | आएसईटीआई का नाम | वित्त-वर्ष 2016-17 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल प्रशिक्षित | कुल नियोजित | प्रशिक्षित महिला | नियोजित महिला |
| 1 | आदिलाबाद | एसबीएच आदिलाबाद | 750 | 550 | 158 | 206 |
| 2 | करीमनगर | एसबीएच करीमनगर | 829 | 715 | 335 | 329 |
| 3 | खम्मन | एसबीएच खम्मम | 858 | 561 | 392 | 289 |
| 4 | महबूबनगर | एसबीआई महबूबनगर | 615 | 810 | 340 | 394 |
| 5 | मेडक | एसबीआई मेडक | 792 | 588 | 190 | 273 |
| 6 | नलगोंडा | एसबीएच नलगोंडा | 819 | 545 | 371 | 283 |
| 7 | निजामाबाद | एसबीएच निजामाबाद | 756 | 457 | 423 | 332 |
| 8 | रंगारेड्डी | एसबीएच रंगा रेड्डी (चिलकुर) | 807 | 360 | 394 | 184 |
| 9 | वारंगल | एसबीएच वारंगल | 809 | 585 | 373 | 277 |
| 10 | मेडक | एबीआईआरडी सिद्दीपेट | 774 | 46 | 346 | 26 |
| 11 | रंगारेड्डी | एबीआरएसईटीआई मुचिन्तल | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **योग** | | **7809** | **5217** | **3322** | **2593** |

| क्र.सं. | जिला | आएसईटीआई का नाम | वित्त-वर्ष 2017-18 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल प्रशिक्षित | कुल नियोजित | प्रशिक्षित महिला | नियोजित महिला |
| 1 | आदिलाबाद | एसबीएच आदिलाबाद | 726 | 559 | 457 | 217 |
| 2 | करीमनगर | एसबीएच करीमनगर | 835 | 748 | 389 | 323 |
| 3 | खम्मन | एसबीएच खम्मम | 706 | 566 | 336 | 274 |
| 4 | महबूबनगर | एसबीआई महबूबनगर | 660 | 661 | 276 | 319 |
| 5 | मेडक | एसबीआई मेडक | 753 | 699 | 289 | 259 |
| 6 | नलगोंडा | एसबीएच नलगोंडा | 710 | 545 | 292 | 189 |
| 7 | निजामाबाद | एसबीएच निजामाबाद | 675 | 474 | 336 | 264 |
| 8 | रंगारेड्डी | एसबीएच रंगा रेड्डी (चिलकुर) | 654 | 457 | 305 | 190 |
| 9 | वारंगल | एसबीएच वारंगल | 736 | 526 | 429 | 274 |
| 10 | मेडक | एबीआईआरडी सिद्दीपेट | 690 | 711 | 389 | 379 |
| 11 | रंगारेड्डी | एबीआरएसईटीआई मुचिन्तल | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **योग** | | **7145** | **5946** | **3498** | **2688** |

| क्र.सं. | जिला | आएसईटीआई का नाम | वित्त-वर्ष 2018-19 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल प्रशिक्षित | कुल नियोजित | प्रशिक्षित महिला | नियोजित महिला |
| 1 | आदिलाबाद | एसबीएच आदिलाबाद | 690 | 555 | 394 | 289 |
| 2 | करीमनगर | एसबीएच करीमनगर | 709 | 609 | 438 | 368 |
| 3 | खम्मन | एसबीएच खम्मम | 687 | 546 | 256 | 202 |
| 4 | महबूबनगर | एसबीआई महबूबनगर | 870 | 522 | 197 | 159 |
| 5 | मेडक | एसबीआई मेडक | 653 | 477 | 269 | 260 |
| 6 | नलगोंडा | एसबीएच नलगोंडा | 679 | 502 | 229 | 167 |
| 7 | निजामाबाद | एसबीएच निजामाबाद | 661 | 466 | 351 | 282 |
| 8 | रंगारेड्डी | एसबीएच रंगा रेड्डी (चिलकुर) | 656 | 695 | 330 | 381 |
| 9 | वारंगल | एसबीएच वारंगल | 651 | 492 | 373 | 297 |
| 10 | मेडक | एबीआईआरडी सिद्दीपेट | 608 | 805 | 494 | 498 |
| 11 | रंगारेड्डी | एबीआरएसईटीआई मुचिन्तल | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **योग** | | **6864** | **5669** | **3331** | **2903** |

| क्र.सं. | जिला | आएसईटीआई का नाम | वित्त-वर्ष 2019-20 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल प्रशिक्षित | कुल नियोजित | प्रशिक्षित महिला | नियोजित महिला |
| 1 | आदिलाबाद | एसबीएच आदिलाबाद | 749 | 609 | 221 | 160 |
| 2 | करीमनगर | एसबीएच करीमनगर | 680 | 555 | 328 | 230 |
| 3 | खम्मन | एसबीएच खम्मम | 615 | 502 | 330 | 104 |
| 4 | महबूबनगर | एसबीआई महबूबनगर | 719 | 822 | 317 | 250 |
| 5 | मेडक | एसबीआई मेडक | 603 | 475 | 262 | 149 |
| 6 | नलगोंडा | एसबीएच नलगोंडा | 656 | 566 | 335 | 146 |
| 7 | निजामाबाद | एसबीएच निजामाबाद | 605 | 535 | 256 | 222 |
| 8 | रंगारेड्डी | एसबीएच रंगा रेड्डी (चिलकुर) | 605 | 388 | 288 | 97 |
| 9 | वारंगल | एसबीएच वारंगल | 613 | 752 | 430 | 331 |
| 10 | मेडक | एबीआईआरडी सिद्दीपेट | 590 | 510 | 287 | 350 |
| 11 | रंगारेड्डी | एबीआरएसईटीआई मुचिन्तल | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **योग** | | **6435** | **5714** | **3054** | **2039** |

| क्र.सं. | जिला | आएसईटीआई का नाम | वित्त-वर्ष 2020-21 (31.01.21 तक) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल प्रशिक्षित | कुल नियोजित | प्रशिक्षित महिला | नियोजित महिला |
| 1 | आदिलाबाद | एसबीएच आदिलाबाद | 233 | 155 | 46 | 77 |
| 2 | करीमनगर | एसबीएच करीमनगर | 244 | 80 | 176 | 53 |
| 3 | खम्मन | एसबीएच खम्मम | 172 | 77 | 97 | 58 |
| 4 | महबूबनगर | एसबीआई महबूबनगर | 267 | 127 | 46 | 67 |
| 5 | मेडक | एसबीआई मेडक | 184 | 241 | 161 | 198 |
| 6 | नलगोंडा | एसबीएच नलगोंडा | 202 | 25 | 98 | 14 |
| 7 | निजामाबाद | एसबीएच निजामाबाद | 243 | 70 | 109 | 46 |
| 8 | रंगारेड्डी | एसबीएच रंगा रेड्डी (चिलकुर) | 417 | 294 | 284 | 189 |
| 9 | वारंगल | एसबीएच वारंगल | 231 | 70 | 197 | 62 |
| 10 | मेडक | एबीआईआरडी सिद्दीपेट | 89 | 192 | 49 | 117 |
| 11 | रंगारेड्डी | एबीआरएसईटीआई मुचिन्तल | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **योग** | | **2282** | **1331** | **1263** | **881** |

*******